RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



सुबह की आदतों में सुधार बेहद जरूरी : सामंथा

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 72 | MONDAY DATE 06-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



## रेखा गुप्ता ने की सक्षम यात्रा 2026 की शुरूआत, नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।**

दिल्ली में जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल की शुरूआत हुई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को 'सक्षम यात्रा 2026' को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उभर रहे विचारों को आगे बढ़ाना और उन्हें वास्तविक बदलाव में बदलना है। इस यात्रा के जरिए उन लोगों को मंच देने की कोशिश की जा रही है, जिनके पास नए और उपयोगी आइडिया हैं, लेकिन उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सही समर्थन और संसाधन नहीं मिल पाते। 'सक्षम यात्रा 2026' ऐसे ही विचारों को पहचान कर उन्हें विकसित करने और लागू करने में मदद करेगी, ताकि समाज में ठोस बदलाव लाया जा सके।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'सक्षम यात्रा 2026 को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली को केंद्र में रखते हुए यह यात्रा जमीनी स्तर के विचारों को एक ऐसा मंच देगी, जहां वे विकसित हो सकें, उन्हें समर्थन मिले और वे वास्तविक प्रभाव पैदा कर सकें।'

इस पहल का मुख्य फोकस दिल्ली में जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देना है। इसके तहत स्थानीय लोगों के विचारों को न सिर्फ पहचान मिलेगी, बल्कि उन्हें आगे बढ़ाने के लिए जरूरी सहयोग भी दिया जाएगा। इससे छोटे-छोटे आइडिया बड़े बदलाव का कारण बन सकते हैं। 'सक्षम यात्रा 2026' का सबसे बड़ा लक्ष्य यह है कि रचनात्मक विचारों और उनके वास्तविक क्रियान्वयन के बीच जो दूरी है, उसे खत्म किया जाए। यानी जो सोच और योजना कागज पर है.

# टीएमसी का भय या भाजपा का भरोसा

## बंगाल में लोगों के सामने दो विकल्प : मोदी

» **कूच बिहार, यूटर्न/ 05 अप्रैल।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले राजधानी कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड से मैंने बंगाल में परिवर्तन महाअभियान की शुरूआत की थी। ब्रिगेड ग्राउंड की वो ऐतिहासिक तस्वीरें, जनसैलाब और वो उत्साह, जनता का जूनून... तब से पूरा टीएमसी सिंडिकेट घबराया हुआ है और आज मैं देख रहा हूं, ब्रिगेड ग्राउंड में जो बिगुल बजा, कूच बिहार ने उस पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि कूच बिहार में भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि टीएमसी का समय अब समाप्त हो चुका है। एक ओर टीएमसी का भय है, और इसका मुकाबला करने के लिए आपके पास भाजपा का भरोसा है। उन्होंने कहा कि एक ओर टीएमसी के कटमनी और करप्शन का भय है, दूसरी ओर विकास को तेज रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक ओर घुसपैठ कराकर, विदेशियों को यहां बसाने का भय है, दूसरी ओर घुसपैठ रोककर सारे घुसपैठियों को बंगाल से बाहर करने का भाजपा का भरोसा है।



### बंगाल में वर्षो से लूटी जा रही लोगों की कमाई, 4 मई के बाद कानून करेगा अपना काम

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा बंगाल 'शक्ति पूजा' की धरती है। मैं यहां आए सभी बहनों-बेटियों को, बंगाल की हर बहन-बेटियों से कहूंगा कि भाजपा आपके सम्मान और आपकी समृद्धि के लिए मैदान में है। अगर सत्ता में भाजपा आएगी तो महिलाओं के सच्चे सशक्तीकरण का रास्ता खोलेगी और यह हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि 4 मई के बाद कानून अपना काम करेगा। अपराधी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, इस बार न्याय की जीत होगी। उन्होंने कहा कि वर्षो से बंगाल के लोगों की मेहनत की कमाई लूटी जा रही है। हर भ्रष्ट व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाएगा और उसे जनता को लूटी गई संपत्ति लौटानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया, लेकिन ये बहुत आवश्यक है कि देश के लिए होने वाले फैसलों में भी महिलाओं की भूमिका और अधिक बढ़े .

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ टीएमसी का डर है, तो दूसरी तरफ भाजपा पर भरोसा है।

एक तरफ टीएमसी के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का डर है, तो दूसरी तरफ भाजपा पर भरोसा है, जो विकास को गति दे सकती है। एक तरफ घुसपैठ का डर है, तो दूसरी तरफ भाजपा पर भरोसा है, जो राज्य से घुसपैठियों को भगा सकती है। उन्होंने कहा कि एक ओर संदेशखाली जैसी बहनों की चीखें और बेटियों पर होता निर्मम अत्याचार है, दूसरी ओर नारीशक्ति को सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण की 'मोदी की गारंटी' है। मैं आपको भरोसा देता हूं कि इस बार चुनाव के बाद इनके पापों का पूरा हिसाब किया जाएगा। चुन-चुन कर हिसाब किया जाएगा। 4 मई के बाद कानून अपना काम करेगा। चाहे कोई बड़े से बड़ा गुंडा क्यों न हो... इस बार न्याय होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां की निर्मम सरकार बंगाल की इस पावन माटी पर हर रोज लोकतंत्र को लहुलूहान कर रही है। ये निर्मम सरकार अपने आगे किसी संवैधानिक संस्था को कुछ भी नहीं समझती।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## इजरायल में पूरी तरह सुरक्षित हैं यूपी के 6000 से अधिक श्रमिक, योगी सरकार लगातार संपर्क में

**लखनऊ, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** इजरायल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी श्रमिकों की नियमित निगरानी की जा रही है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम लगातार इजरायल में भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं और वहां मौजूद भारतीयों, विशेषकर यूपी के श्रमिकों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इजरायल में कार्यरत सभी भारतीय श्रमिक सुरक्षित हैं और फिलहाल, किसी भी तरह की आपात स्थिति या बड़े खतरे की सूचना नहीं है। इजरायल में भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम लगातार यूपी के श्रमिकों के विषय में अपडेट ले रहे हैं।

## उत्तराखंड में खनन से आय का नया अध्याय, पहली बार 1,200 करोड़ के पार पहुंचा राजस्व

**देहरादून, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और सुदृढ़ नीतियों के परिणामस्वरूप उत्तराखंड का खनन विभाग राजस्व प्राप्ति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने 950 करोड़ रुपए के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कुल 1,217 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित कर अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस उपलब्धि में ट्रेजरी में 1,130 करोड़ रुपए, जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (डीएमएफ) में 80 करोड़ रुपए और एसएमईटी से 7 करोड़ रुपए का योगदान शामिल है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी विभाग ने 875 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 1,041 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित कर अपनी कार्यक्षमता सिद्ध की थी। प्रदेश में खनन राजस्व की यह निरंतर वृद्धि मुख्यमंत्री धामी की पारदर्शी, जवाबदेह और सुधारोन्मुखी नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। वर्ष 2012-13 में मात्र 110 करोड़ रुपए से शुरू हुआ यह सफर अब 2025-26 में 1,217 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है..

# श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के पदाधिकारी हवन यज्ञ में हुए शामिल

**श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेड़ी एवं मोती चौक में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के लिए हुआ हवन**

» **अश्विनी वालिया**



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 अप्रैल। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेड़ी एवं मोती चौक में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ हुआ। महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेड़ी एवं मोती चौक में विशाल सिंगला प्रधान श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र एवं हरमेश गोयल के द्वारा श्रद्धा के साथ हवन में प्रथम आहुति करके शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा और सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूर्ण आस्था के साथ हवन में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल जीवन की कामना की गई।

हवन-यज्ञ के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए नए सत्र की मंगलमय शुरूआत की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका सिंगला ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह नया सत्र विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाओं और उपलब्धियों का द्वार खोलेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया और सभी ने मिलकर नए सत्र को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर संस्था के उप प्रधान जितेन्द्र गोयल, कोषाध्यक्ष विशेष गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य गण गौरव मित्तल, जयपाल गोयल, प्रमोद बंसल, कुलवंत गर्ग, कपिल मित्तल, ओमप्रकाश सिंगला, जितेन्द्र अग्रवाल, प्रशासक विकास बंसल, योगेश गर्ग, सहित सभी शिक्षक व स्कूल के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र फायर सेफ्टी संस्थान में मनाया गया सर्टिफिकेट वितरण समारोह

» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 अप्रैल।**




आज पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्र फायर सेफ्टी संस्थान में सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार डिप्टी डायरेक्टर हरियाणा रोजगार विभाग विशिष्ट अतिथि डॉ. जगमाल सिंह भूतपूर्व सीएमओ, रणजीत सिंह असिस्टेंट डायरेक्टर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने सभी फायरमैन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फायर सेफ्टी कोर्स जहां माल की हानि से बचाता है, वहीं देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक है। उन्होंने बच्चों को भारत सरकार में नई खाली पड़ी फायरमैन की भर्ती के बारे तथा पोर्टल के बारे में जानकारी दी।

कैप्टन गुरमेल सिंह ने संस्थान व फायर सेफ्टी कोर्स को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि देश की सेवा से लेकर तकरीबन 20 विभागों में यह कोर्स काम आता है। कोई भी 12वीं पास छात्र एक वर्षीय फायर सेफ्टी कोर्स करके विभिन्न विभागों में सेवाएं देकर रोजगार प्राप्त कर सकता है।

डॉ राजेंद्र सैनी डायरेक्टर ने मुख्य अतिथि व आए हुए अतिथियों को बुक व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर परमिंदर सिंह, एमडी लिटिल मिलेनियम प्रेम पब्लिक स्कूल, सूबेदार मेजर रविंद्र कौशिक, एसडीओ एच एस ओबराय, मैनेजर घनश्याम, रेखा रानी व स्टाफ मौजूद रहा।

## असम में भाजपा बहुत ही शानदार तरीके से सत्ता में वापसी कर रही है : मनोज तिवारी

» **हैलाकांडी, यूटर्न/ 05 अप्रैल।**

असम विधानसभा चुनाव में प्रचार को लेकर भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दिल्ली से भाजपा सांसदों को चुनाव प्रचार करने के लिए बुलाया गया है। इस कड़ी में दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी रविवार को हैलाकांडी पहुंचे। वहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया।

सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया कि असम में भाजपा बहुत ही शानदार तरीके से सत्ता में वापसी कर रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों लूटा है और लोगों ने देखा है कि कांग्रेस सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति कर सकती है, जनता की भलाई के लिए उनके पास कोई रोडमैप नहीं है। जबकि, भाजपा की सरकार ने ट्रेन की सेवा दी, लोगों की यात्रा को भाजपा ने सरल बनाने का काम किया है। भाजपा लोगों को जमीन के पट्टे दे रही है। गरीबों को अनाज से लेकर अन्य सुविधाएं देने का काम कर रही है। भाजपा सांसद ने कहा कि असम में, जैसा कि मैं देख पा रहा हूं, भाजपा की प्रचंड रूप से वापसी हो रही है। उन्होंने एक वीडियो के माध्यम से जनता से अपील करते हुए कहा कि पीएम मोदी और सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के हाथों को मजबूत करते हुए विकसित असम के लिए भाजपा प्रत्याशियों को अपना समर्थन दें। दूसरी ओर कांग्रेस ने भी दावा किया है कि जनता इस बार कांग्रेस को प्रदेश में सरकार बनाने के लिए वोट करेगी। बताते चलें कि असम की 126 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में 9 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि नतीजे 4 मई को सामने आएंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आयोग ने व्यापक तैयारियां की हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, असम में करीब 2.5 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। आयोग का कहना है कि इस बार भी सभी राज्यों में निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित चुनाव कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि हर मतदाता किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

## कुलजीत सिंह चहल ने लक्ष्मीबाई नगर में एनडीएमसी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का नेतृत्व किया



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को लक्ष्मीबाई नगर में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया, जिसमें सरकारी कर्मचारियों सहित क्षेत्र के निवासियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। चहल ने कहा कि पौधे लगाना हमारी सांस्कृतिक मान्यताओं और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने एक मां द्वारा अपने बच्चों के पालन-पोषण और निवासियों द्वारा पौधों की देखभाल के बीच समानता बताई। प्रतिभागियों द्वारा पौधे लगाने और उनकी देखभाल और सुरक्षा का संकल्प लेने के दौरान एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत दिए गए आ'ान से प्रेरित है.

# पंजाब एजेंडे के विवाद पर राघव चड्ढा बोले, 'आप' के सहयोगियों के लिए अभी बाकी है पिक्चर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।**



आम आदमी पार्टी (आप) के भीतर जारी विवाद के बीच राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने रविवार को पार्टी के भीतर उठ रहे आरोपों पर जवाब दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट के जरिए कहा कि 'पिक्चर अभी बाकी है' और पंजाब के मुद्दों को उठाने को लेकर उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाना गलत है।

राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर राज्यसभा का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे पंजाब से जुड़े मुद्दों को उठाते नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट में उन्होंने पार्टी के उन सहयोगियों पर निशाना साधा, जिन्होंने उन पर संसद में पंजाब के मुद्दे न उठाने का आरोप लगाया था।

उन्होंने लिखा, 'मेरे 'आप' के साथियों के लिए, जिन्हें यह कहने के लिए मजबूर किया गया कि राघव चड्ढा ने पंजाब के मुद्दे नहीं उठाए, यह एक छोटा सा ट्रेलर है। पिक्चर अभी बाकी है। पंजाब मेरे लिए सिर्फ एक मुद्दा नहीं, मेरा घर, मेरी जिम्मेदारी, मेरी मिट्टी और मेरी आत्मा है।'

इससे पहले शनिवार को भी राघव चड्ढा ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, 'मैं बोलना नहीं चाहता था, लेकिन अगर चुप रहता, तो बार-बार बोला गया झूठ भी सच लगने लगता। तीन आरोप, शून्य सच्चाई।'

दरअसल, राघव चड्ढा को राज्यसभा में 'आप' के डिप्टी लीडर पद से हटाए जाने के बाद उनके खिलाफ कई आरोप लगाए गए थे। इन आरोपों का जवाब देते हुए राघव चड्ढा ने कहा कि उनके खिलाफ एक 'स्क्रिप्टेड कैंपेन' चलाया जा रहा है। उन्होंने अपने वीडियो संदेश में कहा, 'एक ही तरह के सवाल और एक जैसे आरोप लगाए जा रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है।'

राघव चड्ढा ने इस आरोप को भी खारिज किया कि वे विपक्ष के वॉकआउट में शामिल नहीं होते थे। इस पर उन्होंने कहा, 'यह सरासर झूठ है। संसद परिसर में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, कोई भी इसकी जांच कर सकता है।'

'आप' के भीतर यह विवाद पार्टी में बढ़ते तनाव को दर्शाता है। एक ओर पार्टी उनके कामकाज पर सवाल उठा रही है, तो दूसरी ओर राघव चड्ढा अपने रिकॉर्ड का बचाव करते हुए यह दोहरा रहे हैं कि उनका फोकस हमेशा पंजाब और वहां के लोगों के मुद्दों पर रहा है और आगे भी रहेगा।

## नेशनल बुक ट्रस्ट जॉब अलर्ट: 17 पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि नजदीक, जल्दी भरें फॉर्म




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) में नौकरी करने की इच्छा रखने वालों के लिए एक बेहतरीन मौका सामने आया है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) ने असिस्टेंट एडिटर सहित विभिन्न 17 पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल है। एनबीटी की ओर से जारी पदों के लिए ऑफलाइन मोड में आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है, और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म भरने की सोच रहे हैं, उन्हें तय समय सीमा के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की सलाह दी जाती है। एनबीटी ने जिन 17 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं, उनमें असिस्टेंट एडिटर (अंग्रेजी) के 3, असिस्टेंट एडिटर (अंग्रेजी) कॉमिक्स/ग्राफिक बुक्स/कॉफी टेबल बुक्स आदि के लिए 1, एडिटोरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) कॉमिक्स/ग्राफिक बुक्स/कॉफी टेबल बुक्स आदि के लिए 2, एडिटोरियल असिस्टेंट (मराठी, कन्नड़, गुजराती, मलयालम, ओडिया, तेलुगु) (प्रत्येक एक) के लिए 6 और एडिटोरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) के 5 पद शामिल हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# शरीर को नुकसान पहुंचा रहा है फ्रिज में रखा हुआ खाना एवं फ्रोजन फूड , हो जाए सावधानः डॉ. अनेजा

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 अप्रैल। सीनियर मेडिकल ऑफिसर एवं एडमिनिस्ट्रेटर डॉ अनेजा का कहना है कि फ्रिज में रखा खाना बार-बार गर्म करना आसान जरूर लगता है, लेकिन यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है, इससे खाने के पोषक तत्व कम हो जाते हैं और बैक्टीरिया बढ़ सकते हैं. कुछ फूड जैसे चावल, दालें, पनीर , हरी सब्जियां बार-बार गर्म करने से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते



हैं, सही तरीका यही है कि खाना एक बार ही गर्म करें और सही तरीके से स्टोर करें. छोटी सावधानियां अपनाकर आप खुद को फूड पॉयजनिंग और पेट की समस्याओं से बचा सकते है। चावल में सबसे ज्यादा बेक्टीरिया पनपने की संभावना होती है, खासकर जब चावल को बिना सही तरीके से ठंडा किए फ्रिज में रखा जाए. इससे बेसिलस सेरेस जैसे बैक्टीरिया जन्म ले सकते हैं, जो सेहत को गंभीर तौर पर नुकसान पहुंचा सकते हैं. डॉ. अनेजा के अनुसार फ्रोजन स्नैक्स और रेडी-टू-ईट फूड्स में अक्सर हाइड्रोजेनेटेड पाम ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें अनहेल्दी फैट की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा, इनमें नमक, चीनी और प्रिजर्वेटिव्स भी जरूरत से ज्यादा होते हैं, जो सेहत के लिए नुकसानदायक माने जाते हैं। रोटी बनाने के लिए हमेशा ताजा आटा गुंदना चाहिए फ्रिज में रखा आटा हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है ! कम समय में ज्यादा काम निपटाने की चाहत ने न सिर्फ हमारी लाइफस्टाइल बदली है, बल्कि खाने-पीने की आदतों को भी पूरी तरह से बदल दिया है। नतीजा अब ज्यादातर लोग पैकेज्ड , प्रोसेस्ड और फ्रोजन फूड्स जैसे रेडी-टू-ईट ऑप्शन्स की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। फ्रीजर से निकालिए, डीप फ्राई या एयर फ्रायर में गरम कीजिए और कुछ ही मिनटों में खाना तैयार, यही वजह है कि ये फूड्स इतने पॉपुलर हो गए हैं। फ्रोजन मटर, गोभी, ब्रोकली से लेकर पकोड़े और रेडी-टू-ईट पनीर करी तक, सब कुछ मिनटों में तैयार हो जाता है।

## एजेएल प्लॉट आवंटन मामले में भूपेंद्र हुड्डा को क्लीन चिट इंसाफ की जीतः अशोक मेहता

» हरियाणा, यूटर्न/ 05 अप्रैल।

एजेएल प्लॉट आवंटन मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय मोती लाल वोहरा को कोर्ट से क्लीन चिट मिलना इंसाफ की जीत है और यह दिखाता है कि किस तरह से राजनीति लाभ के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा यह सारा मामला रचा गया। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक मेहता ने कही। उन्होंने बताया कि इस मामले में पंचकूला विशेष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कोर्ट ने दोनों नेताओं को आरोपों से मुक्त कर दिया है और अब कोर्ट के इस फैसले से भूपिंदर सिंह हुड्डा और स्वर्गीय मोती लाल वोहरा के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही पूरी तरह खत्म हो गई है। गौरतलब है कि श्री मोती लाल वोहरा का 2020 में देहांत हो गया था। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा इसके लिए तमाम हथकंडे अपनाए गए लेकिन सभी को न्यायपालिक पर पूरा विश्वास था और आज ये विश्वास सच साबित हो गया।

## घोषणाओं तक सीमित भाजपा सरकार, जमीन पर हालात बदतर : बृज लाल बहबलपुरिया

### किसान, मजदूर और आमजन परेशान, सरकार पूरी तरह नाकाम : बृज लाल बहबलपुरिया

» नीलम सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 05 अप्रैल। जिला कांग्रेस कमेटी, हिसार के तत्वावधान में बरवाला हलके में कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों, संगठन की मजबूती और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) बृज लाल बहबलपुरिया ने शुरूआत में ही कार्यकताओं से आ'ान करते हुए कहा कि सभी साथी आगामी 'रन फॉर आंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन मैराथन' में बढ़-चढ़कर भाग लें। यह कार्यक्रम एससी विभाग, एआईसीसी द्वारा 12 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है, जो बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान के आदर्शों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है और इस कार्यक्रम का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) बृज लाल बहबलपुरिया रहे।



उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल में बरवाला हलके में विकास के नाम पर एक भी ठोस कार्य नहीं हुआ है। भाजपा का विधायक होने के बावजूद क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के मुद्दों से पूरी तरह कट चुकी है और केवल घोषणाओं तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बदतर होते जा रहे हैं। उन्होंने किसानों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि मंडियों में किसानों की फसल खुले में पड़ी हुई है, लेकिन सरकार समय पर खरीद नहीं कर रही। किसानों को बेवजह कागजी प्रक्रिया में उलझाकर परेशान किया जा रहा है। साथ ही पिछले 3झ4 दिनों की बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने मांग की कि तुरंत गिरदावरी करवाई जाए, फसल की जल्द खरीद सुनिश्चित हो और किसानों को शीघ्र मुआवजा व भुगतान दिया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही आमजन, किसान और मजदूर की सच्ची आवाज है और आगे भी बरवाला हलके की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने कार्यकताओं से आ'ान किया कि वे जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करें और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। संगठन को लेकर उन्होंने कहा कि हर स्तर पर कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा, ताकि कार्यकताओं की आवाज सीधे पार्टी नेतृत्व तक पहुंचे। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि वे स्वयं कार्यकताओं की आवाज बनकर पार्टी स्तर पर उनके मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे।

## वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक आइडियल पत्रकार संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

» संजीव कुमारी



चंडीगढ़, यूटर्न/ 05 अप्रैल। आइडियल पत्रकार संगठन का हरियाणा प्रदेश में विस्तार करते हुए प्रदेश के वरिष्ठ जर्नलिस्ट वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक निवासी कुरुक्षेत्र हरियाणा को आइडियल पत्रकार संगठन द्वारा प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आइडियल पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक श्री अरुण भारद्वाज के निर्देश, राष्ट्रीय प्रभारी श्री आफताब आलम, कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विजय वर्मा एवं श्री रवि दीक्षित, राष्ट्रीय संयोजक श्री लक्ष्मण सूर्यवंशी, प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव श्री सूर्यकांत कदम, केंद्रीय संयुक्त सचिव श्रीमती जमुना चव्हाण, राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख श्री आरिफ खान पठान एवं अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श करने के उपरांत की गई है। यह नियुक्ति अवैतनिक है और तत्काल प्रभाव से लागू होगी। आइडियल पत्रकार संगठन संपूर्ण परिवार की तरफ से आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अजय कुमार मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष आइडियल पत्रकार संगठन कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत।

## श्रेष्ठ और सक्षम पत्रकार राष्ट्र का नेता होता है : गणेश शंकर विद्यार्थी

### पत्रकारों में अन्याय के विरुद्ध डट जाने और न्याय के लिए आफतों को बुलाने की चाह न रहेगी



**पानीपत, यूटर्न 5 अप्रैल।** गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म इलाहाबाद में सन् 1890 में हुआ। उन्होंने कानपुर में अध्यापन कार्य करते समय क्रान्तिकारी सुंदर लाल के 1901 में अंक को ध्यान से पढ़ा। गणेश जी ' प्रताप ' पत्रिका में प्रतिदिन की सामग्री को देखते और दूसरे दिन के लिए निर्देश देते। उनकी पत्रकारिता में सम्पादन कला तथा कार्य पद्धति का स्तर उच्च कोटि का था। वे प्रायः बोलकर अग्रलेख या टिप्पणी लिखवाया करते। इसके लिए पहले एक बड़े कागज पर सामग्री लिख लेते। अपने सहयोगी संपादकों की सामग्री का सम्पादन करते समय विद्यार्थी जी लाल स्याही से पत्र को रंग डालते। वे सामग्री में इतनी कांट छांट कर देते। समग्र लेख का स्वरूप ही बदल जाता। उनका कहना था , कि श्रेष्ठ और सक्षम पत्रकार राष्ट्र का नेता होता है । लोक सेवा ही संपादक का धर्म है । उन्होंने पत्रकार और पत्रकारिता के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला । मैं पत्रकार को सत्य का प्रहरी मानता हूं । सच को प्रकाशित करने के लिए वह मोमबत्ती की भांति जलता है । सत्य के साथ उसका वही नाता है , जो एक पतिव्रता स्त्री का अपने पति के साथ रहता है । पतिव्रता स्त्री पति के शव के साथ शहीद होती है, और पत्रकार सत्य के शव के साथ । पत्रकार समाज का सश्रेष्टा होता है। केवल समाचार देना और पैसा कमाना । इस प्रकार पैसा कमाना पाप है। समस्त मानव जाति का कल्याण हमारा परम उद्देश्य है । इस उद्देश्य की प्राप्ति का एक बहुत बड़ा और बहुत जरूरी साधन हम भारत वर्ष की उन्नति समझते हैं। इस देश में समाचार पत्रों का आदर्श धन हो रहा है। पत्र धन से ही वे निकलते हैं । धन के आधार पर ही वे चलते हैं । और बड़ी वेदना के साथ कहना पड़ रहा है , कि उनमें काम करने वाले बहुत से पत्रकार धन की अभ्यर्थना करते हैं । अभी यहां पूरा अंधकार नहीं हुआ। किंतु लक्षण वैसे ही है । कुछ समय के पश्चात यहां के समाचार पत्र भी मशीनों के सदृश हो जाएंगे और उनमें काम करने वाले पत्रकार मशीन के पुर्जे । पत्रकारों में व्यक्तित्व न रहेगा , सत्य और असत्य का अंतर न रहेगा ।

## आगजनी की हर स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट : उपायुक्त

» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न 5 अप्रैल। जिले के नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की आपदा चाहे वह आगजनी की घटना हो, सड़क दुर्घटना हो या भवन ढहने जैसी स्थिति हो, हर परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क, सशक्त और प्रतिबद्ध है। अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग आधुनिक उपकरणों, प्रशिक्षित कर्मियों और मजबूत संसाधनों से लैस है। हमारा लक्ष्य हर संकट में त्वरित कार्रवाई करते हुए जन-धन की हानि को न्यूनतम करना और आमजन को सुरक्षा का भरोसा देना है। जहां भी संसाधनों की आवश्यकता होगी, उन्हें और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा,' यह कहना है उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया का। उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जब भी कहीं आगजनी या आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो नागरिकों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने विशेष रूप से आग्रह किया कि अग्निशमन विभाग की गाड़ियों को सड़क पर प्राथमिकता के आधार पर तुरंत रास्ता दें, ताकि वे समय



पर घटनास्थल पर पहुंचकर जान-माल की हानि को कम कर सकें।

उपायुक्त डॉ दहिया ने बताया कि जिले में अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को अत्याधुनिक सुविधाओं और संसाधनों से सुसज्जित किया गया है, जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। शहर के हाली पार्क, सेक्टर-25 स्थित अग्निशमन केंद्र लाल बत्ती उपकेंद्र और समालखा केंद्र में उपलब्ध संसाधन और व्यवस्थाएं इस बात का प्रमाण हैं कि विभाग हर चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अग्निशमन केंद्र में वर्तमान समय में जल टैंकर, छोटा बचाव वाहन और मोटरसाइकिल जैसे प्रमुख वाहन पूरी तरह कार्यरत स्थिति में हैं।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना 34 वर्षों से शिक्षा को समर्पित :डॉ भुवनेश भारद्वाज

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 05 अप्रैल। शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना के प्रांगण में बीते दिन आज तीसरे चरण का एक भव्य 'स्कॉलरशिप सर्टिफिकेट वितरण समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन सभी मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने हाल ही में आयोजित स्कॉलरशिप टेस्ट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। आज 5अप्रैल 2026 को तीसरे चरण के स्कालरशिप टेस्ट के परिणाम घोषित का आयोजन किया गया। समारोह की खास बात यह रही कि विद्यार्थी आज भी अपने अभिभावकों के साथ इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना मण्डी के प्रिंसीपल डॉ. भुवनेश भारद्वाज ने विद्यालय का भविष्योन्मुखी विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि ऑक्सफोर्ड स्कूल ने एम्बीशन इंस्टीट्यूट, हिसार के साथ हाथ मिलाया है। अब विद्यार्थियों को स्कूल स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा। ठएएळ, खएए और अन्य कॉम्पिटिशन एग्जाम्स की तैयारी के लिए अब बच्चों को दूर दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी आपका समय ओर पैसा दोनों बचेगा। प्रिंसीपल डॉ भुवनेश भारद्वाज ने अभिभावकों से कहां कि ऑक्सफोर्ड स्कूल



उकलाना 34 वर्षों से उकलाना को शिक्षा नगरी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है स्कूल के चेयरमैन डॉ सतीश भारती के मार्गदर्शन में उकलाना क्षेत्र में शिक्षा को उच्चतम स्तर पर पहुंचना हमारा उद्देश्य है ऑक्सफोर्ड स्कूल उकलाना के आज हजारों विद्यार्थी देश विदेश में अच्छे-अच्छे पदों को सुशोभित कर समाज व राष्ट्रसेवा में अपना योगदान दे रहे हैं !

# लापता लड़की आनंद विहार मेट्रो स्टेशन पर मिली, पुलिस ने परिवार को सौंपा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।

परिवार को बिना बताए घर से निकली एक युवती आनंद विहार मेट्रो स्टेशन पर संकटग्रस्त हालत में मिली और दिल्ली पुलिस के त्वरित हस्तक्षेप के बाद उसे सुरक्षित रूप से उसके परिवार से मिला दिया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

घटना का पता शनिवार को तब चला जब हेड कांस्टेबल आदर्श, महिला कांस्टेबल सुनीता के साथ नियमित गश्त पर थे। गश्त के दौरान, टीम मेट्रो स्टेशन परिसर पहुंची, जहां उन्होंने एक युवती को अकेले बैठे हुए, बेहद



परेशान और रोते हुए देखा।

अधिकारियों के अनुसार, पुलिसकर्मियों ने तुरंत उससे संपर्क किया और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुलिस अधिकारियों ने तुरंत लड़की से संपर्क किया और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की। महिला कांस्टेबल सुनीता की देखरेख में और संवेदनशीलता के साथ, लड़की को शांत और आश्वस्त करने वाले तरीके से समझाया गया। शुरू में हिचकिचाते हुए, उसे धीरे-धीरे समझाया गया और अपनी जानकारी साझा करने के लिए राजी किया गया।

लगातार परामर्श और विश्वास कायम करने के प्रयासों के बाद, लड़की ने अंततः अपनी पहचान बताई। पूछताछ के दौरान, उसने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से वह अपने परिवार के शैक्षणिक दबाव के कारण मानसिक तनाव में थी। उसने बताया कि वह सुबह लगभग 4 बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गई थी। पुलिस ने लड़की का विश्वास जीतने के बाद उसके पिता का संपर्क विवरण प्राप्त किया और तुरंत उनसे संपर्क किया। उसके पिता ने पुष्टि की कि वह परिवार को बिना बताए घर से चली गई थी और परिवार उसकी तलाश कर रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें मेट्रो स्टेशन पर लड़की के सुरक्षित होने की सूचना दी गई और उन्होंने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली आ रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में हटाई गईं अवैध मीट की दुकानें, चला बुलडोजर

गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित मीट की दुकानों और कबाड़ी की दुकानों को हटाया गया। अवैध तौर से रेहड़ी पटरी की दुकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यूपीसीडा के डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि उद्योग बंधु की बैठक में अतिक्रमण का मुद्दा उठाया गया था। जिला अधिकारी की ओर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। करीब दो घंटे तक अभियान चलाकर अतिक्रमण को जमींदोज किया गया। इस मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। कुछ दुकानदारों ने विरोध किया लेकिन स्थिति को नियंत्रण में रखते हुए कार्रवाई की गई। अभियान में औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष सहित क्षेत्र के अन्य उद्यमी भी मौजूद रहे।

### प्रतीक ग्रांड सोसायटी में कारोबारी ने लगाई फांसी

गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल। इंदिरापुरम में रहने वाले जींस के कपड़ों के कारोबारी ने प्रतीक ग्रांड सोसायटी में पहुंचकर अपने फ्लैट में फांसी लगाकर जान दे दी। कारोबारी की कार को ट्रेस कर मौके पर पहुंचे छोटे भाई ने पुलिस को सूचना दी। विजयनगर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की और शव मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि सावन कालरा (42) इंदिरापुरम क्षेत्र के साया गोल्ड एवेंयू में रहते थे और जींस के कपड़ों का कारोबार करते थे। शुक्रवार की शाम करीब चार बजे सावन कालरा अपनी कार से विजयनगर थाना क्षेत्र के प्रतीक ग्रांड सोसायटी में स्थित फ्लैट संख्या सी4-702 पर पहुंचे। यहां उन्होंने एक चादर का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और उनकी कार में लगे जीपीएस को ट्रेस करते हुए उनका छोटा भाई जतिन कालरा प्रतीक ग्रांड सोसायटी पहुंचा। जतिन कालरा ने अपने भाई का शव फंदे से उतारा और चिकित्सकों को दिखाने के बाद अपने घर साया गोल्ड एवेंयू ले गए। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना स्थल पर टीम और फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल की। आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं। शव को कब्जे में लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

# प्रियंका चतुर्वेदी ने की निष्पक्ष परिसीमन की मांग, राजनीतिक हस्तक्षेप से बचने पर दिया जोर

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।



शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने रविवार को कहा कि प्रभावी प्रतिनिधित्व और विकास सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन आवश्यक है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अनुचित राजनीतिक लाभ नहीं मिलना चाहिए या पक्षपातपूर्ण विचारों से प्रभावित नहीं होना चाहिए।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने सांसदों पर बढ़ते बोझ को उजागर करते हुए कहा, परिसीमन एक आवश्यकता है। लोकसभा में सांसदों को छह बड़ी आबादी वाली विधानसभा क्षेत्रों में खुद को फैलाना पड़ता है, जिससे विकास कार्यों पर ध्यान भी प्रभावित होता है।' उन्होंने बताया कि परिसीमन के प्रयास वर्षों से बार-बार स्थगित किए जा रहे हैं और उन्होंने एक निष्पक्ष प्रक्रिया की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, 'परिसीमन लाने के सभी प्रयास वर्षों से टलते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हर निर्वाचन क्षेत्र का निष्पक्ष तरीके से सीमांकन नहीं किया जाता (जिससे सत्तारूढ़ पक्ष को असंतुलित लाभ न मिले और न ही इसमें राजनीतिक हस्तक्षेप हो), तब तक यह प्रक्रिया पूरी करना जरूरी है। लोकसभा और राज्य विधानसभा सीटों के परिसीमन का मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक चर्चा के केंद्र में आ गया है। दरअसल, 1971 की जनगणना के आधार पर लागू की गई संवैधानिक रोक अब खत्म होने की ओर है। 1 अप्रैल 2026 से जनगणना प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इसके अपडेट आंकड़े 2027 तक उपलब्ध होने की संभावना है। इसके बाद कानून के तहत सीमांकन की प्रक्रिया, जिसमें निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण और राज्यों के बीच सीटों का पुनर्वितरण शामिल होता है, आवश्यक हो जाएगी। परिसीमन पर चल रही बहस का सीधा संबंध महिला आरक्षण कानून से भी है, जिसे औपचारिक रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 कहा जाता है। यह कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करता है, हालांकि इस कानून का लागू होना अगले जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन की प्रक्रिया पर निर्भर करता है।

# गहराते एलपीजी संकट से धुएं में घुटती रोजी-रोटी, झुग्गी वाले ज्यादा परेशान; सरकार का दावा- सब ठीक

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।



दिल्ली में गहराते गैस संकट ने अब छोटे ढाबों और रेहड़ी-पटरी पर खाना बेचने वालों की रोजी-रोटी पर सीधा असर डाला है। पहले जहां एलपीजी सिलेंडर की नीली लौ पर दाल-रोटी पकती थी, वहां लकड़ी और कोयले के चूल्हे जल रहे हैं। धुएं के बीच खाना बनाना मजबूरी बन गया है और बढ़ती लागत ने छोटे कारोबारियों की कमर तोड़ दी है।

आउटर रिंग रोड सीमापुरी में सड़क किनारे ढाबा चलाने वाले बृजेश ने बताया कि पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहा है। एजेंसी जाने पर स्टॉक खत्म होने की बात कही जाती है। मजबूरी में लकड़ी का चूल्हा जलाना पड़ रहा है।

पहले एक सिलेंडर से कई दिन काम चलता था लेकिन अब रोज लकड़ी खरीदनी पड़ती है जिससे खर्च बढ़ा और मुनाफा घटा है। भजनपुरा में ठेला लगाकर खाना बेचने वाले सोनू ने कहा कि बाजार में गैस ब्लैक में मिल रही है जिसकी कीमत 3000 से ज्यादा है। जो छोटे दुकानदारों के लिए बहुत महंगा है।

सिलेंडर खरीदने पर खाने का रेट बढ़ाना पड़ेगा, जो हर कोई ग्राहक नहीं दे पाएगा। ऐसे में लकड़ी और कोयले का सहारा लेना पड़ रहा है। धुएं में काम करने से आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होती है।

सीलमपुर के ढाबा संचालक मो. रसीद का कहना है कि गैस कमी का असर ग्राहकों की संख्या पर भी पड़ा है। लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनने में समय ज्यादा लगता है, ग्राहक इंतजार नहीं कर पाते और दूसरे जगहों पर चले जाते हैं। अब

### आधी कमाई भी मुश्किल हो गई है।

करावल नगर में चाय और पराठा बेचने वाले आलोक तिवारी बताते हैं कि गैस संकट ने छोटे ढाबों को पुराने दौर में धकेल दिया है। लकड़ी के चूल्हे पर काम करना मुश्किल है, साथ ही धुएं और गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

अगर जल्द गैस आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो छोटे ढाबे बंद हो सकते हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस संकट का ज्यादा असर गरीब और छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है। बड़े होटल और रेस्टोरेंट किसी तरह सिलेंडर का इंतजाम कर लेते हैं लेकिन छोटे ढाबे वालों के पास सीमित संसाधन हैं। ऐसे में प्रशासन और आपूर्ति विभाग से गैस की नियमित आपूर्ति करने की मांग तेज हो गई है।

### छोटे सिलिंडर की कमी, दिहाड़ी मजदूरों की रसोई पर पड़ रहा असर

राजधानी में एलपीजी की आपूर्ति में कमी ने दिहाड़ी मजदूरों की रोजमर्रा की जिंदगी को मुश्किल बना दिया है। गैस एजेंसियों पर बड़े सिलिंडरों के लिए लंबी कतारें लगी हैं, वहीं छोटे सिलिंडर भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में छोटे सिलिंडरों पर निर्भर मजदूरों को गैस के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कई इलाकों में गैस भरने वाली दुकानें बंद पड़ी हैं और जहां पहले भीड़ रहती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है।



# सरकारी दवाओं का अवैध रैकेट : दिल्ली पुलिस ने 70 लाख रुपए का स्टॉक किया जब्त

नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल। दिल्ली पुलिस ने सरकारी अस्पतालों में मुफ्त वितरण के लिए रखी गई सरकारी दवाओं की हेराफेरी और बिक्री में शामिल एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया और लगभग 70 लाख रुपए की दवाएं और परिवहन में इस्तेमाल किए गए दो वाहन बरामद किए। पुलिस के अनुसार, यह ऑपरेशन क्राइम ब्रांच की एनआर-।। टीम द्वारा एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में और इंस्पेक्टर नीरज शर्मा के नेतृत्व में सब-इंस्पेक्टर प्रीतम चंद द्वारा जुटाई गई विशिष्ट सूचनाओं के आधार पर किया गया था। आरोपियों की पहचान नीरज कुमार (53), सुशील कुमार (47), दोनों उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी, और लक्ष्मण मुखिया (48), दिल्ली निवासी के रूप में हुई। उन्हें 2 अप्रैल को तीस हजारी के राजेंद्र बाजार के पास महिंद्रा चैंपियन टेम्पो और बलेनो कार में दवाओं की एक बड़ी खेप ले जाते समय पकड़ा गया था। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई दवाओं पर स्पष्ट रूप से 'सरकारी आपूर्ति, बिक्री के लिए नहीं' अंकित था, जो खुले बाजार में उनकी अवैध तस्करी का संकेत देता है।

# स्कूल का समय बढ़ाने पर हंगामा, अभिभावकों का प्रदर्शन, प्रबंधन बोला- टीसी ले लें

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल।



मेरठ रोड स्थित डीपीएसजी स्कूल में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों का समय बढ़ाने के फैसले पर शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। करीब 400 अभिभावकों ने स्कूल गेट पर प्रदर्शन कर निर्णय वापस लेने की मांग की। आठ घंटे तक चले विरोध के बाद भी स्कूल प्रबंधन अपने निर्णय पर अड़ा रहा। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने विरोध कर रहे अभिभावकों से बच्चों की टीसी वापस लेने की बात कही। पुलिस व डीआईओएस डॉ. धर्मेंद्र शर्मा भी मौके पर पहुंचे, लेकिन प्रबंधन नहीं माना। अंत में अभिभावकों को मायूस होकर घर लौटना पड़ा।

अभिभावकों ने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने कक्षा एक से पांच तक के बच्चों का समय सुबह 8:30 से दोपहर 3:30 बजे तक कर दिया है। पहले स्कूल का समय सुबह 8:30 से दोपहर 2:30 बजे तक था। एक घंटा बढ़ाए जाने से कई अभिभावक नाराज हो गए। इस बदलाव के विरोध में सुबह करीब 10 बजे अभिभावक स्कूल गेट पर एकत्र हुए और नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ देर बाद अभिभावकों ने सड़क जाम कर दी। इससे यातायात प्रभावित हो गया। स्कूल प्रबंधन ने सिहानी गेट कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और बाद में एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

**वार्ता बेनतीजा, प्रबंधन फैसले पर अड़ा:** पुलिस की पहल पर अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन के बीच वार्ता कराई गई। पहले प्रबंधन ने तीन दिन का समय मांगा, ताकि बोर्ड के सदस्यों तक बात को पहुंचाया जा सके। इस पर अभिभावकों ने तब तक छुट्टी या ऑनलाइन कक्षाएं चलाने की मांग रख दी। मामला बढ़ने पर एसीपी ने उच्चाधिकारियों के माध्यम से डीआईओएस को मौके पर बुलवाया। उनकी मौजूदगी में प्रबंधन ने समय में बदलाव वापस लेने से इनकार कर दिया।

**अभिभावक बोले, बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा असर:** अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को सुबह 7:30 बजे बस ले जाएगी और शाम 4:30 बजे तक घर पहुंचेंगे। ऐसे में वह करीब नौ घंटे तक घर से बाहर रहेंगे। इससे उनके स्वास्थ्य और खानपान पर बुरा असर पड़ेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि सीबीएसई के नियमों के अनुसार, छोटे बच्चों का स्कूल समय सीमित होना चाहिए। इसके बावजूद प्रबंधन तानाशाही रवैया अपना रहा है।

### प्रबंधन का पक्ष, बच्चों के विकास के लिए फैसला

विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रीति वासन ने कहा कि समय बढ़ाने का निर्णय बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इससे उन्हें अतिरिक्त गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा और मानसिक, शारीरिक व सामाजिक विकास होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्णय वापस नहीं लिया जाएगा। अगर कोई अभिभावक टीसी चाहता है तो वह पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकता है।

# दक्षिण मध्य रेलवे ने 487 किलोमीटर रूट के लिए कवच क्षेत्र परीक्षण पूरा किया

» हैदराबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल।



दक्षिण मध्य रेलवे ने 2025-26 के दौरान 487 किलोमीटर रूट के लिए कवच क्षेत्र परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक है।

कवच स्वदेशी रूप से विकसित एक सुरक्षा प्रणाली है, जिसे मानवीय त्रुटि के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है।

यह किसी खतरे के सिग्नल को पार करने वाली ट्रेन के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगा सकता है और स्पीड एवं सिग्नल की लगातार निगरानी करके सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने में मदद करता है। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने रविवार को कहा कि उसने सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर विशेष जोर दिया है और इस दिशा में पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एससीआर नेटवर्क में कवच 4.0 की स्थापना के लिए कदम उठाए गए। जोन ने रेलवे बोर्ड के 402 रूट किलोमीटर के लक्ष्य को पार करते हुए 487 रूट किलोमीटर की दूरी के लिए फील्ड ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

एससीआर ने एक बयान में कहा कि सावधानीपूर्वक योजना और प्रभावी कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप यह शानदार उपलब्धि हासिल हुई है।

जोन ने ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम भी शुरू कर दिया है, जिससे पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 357 किलोमीटर के लक्ष्य के मुकाबले 479 रूट किलोमीटर (आरकेएम) की दूरी के लिए सेक्शन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है। कवच 4.0 इंस्टॉलेशन का फील्ड परीक्षण काजीपेट पेद्दामपेट (101 मार्ग किमी), मल्काजगिरि कामारेड्डी (106 मार्ग किमी), चारलापल्ली रघुनाथपल्ली (79 मार्ग किमी), गुंतकल रायचूर (120 मार्ग किमी), और मुदखेड परभणी (81) के बीच खंडों में आयोजित किया गया था।

# यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे डिब्बों का आधुनिकीकरण कर रहा है: अश्विनी वैष्णव

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रेन के डिब्बों के आधुनिकीकरण के लिए बड़े प्रयास कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में रेल मंत्री ने बताया कि इस पहल के तहत नए डिब्बों के डिजाइन और बेहतर शौचालय मॉडल विकसित किए गए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा डिब्बों को नई सुविधाओं से लैस करके एक उन्नत नमूना डिब्बा पहले ही तैयार कर लिया गया है। वैष्णव ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा बढ़ाने के लिए रेलवे ने नए डिजाइन और बेहतर शौचालय सुविधाओं वाले डिब्बों के मॉडल तैयार किए हैं। एक मौजूदा कोच को अपग्रेड करके एक सैंपल कोच बनाया गया है।

वैष्णव ने अपग्रेड किए गए कोच का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें बेहतर इंटीरियर और स्वच्छता सुविधाओं को दिखाया गया है, जिनका उद्देश्य यात्रियों के लिए ट्रेन यात्रा को और अधिक आरामदायक बनाना है।

यह कदम भारतीय रेलवे द्वारा अपने पूरे नेटवर्क में यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। रेल मंत्री की ये टिप्पणियां चल रहे बुनियादी ढांचे के उन्नयन कार्यों के साथ आई हैं, जिनमें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण भी शामिल है।

वैष्णव के अनुसार, यह परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है, जिसमें सुरक्षा और यात्री सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुनर्विकास योजना के तहत, निगरानी और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए स्टेशन परिसर में लगभग 1,500 एआई-सक्षम कैमरे लगाए जाएंगे।

रेलवे कर्मचारियों और विक्रेताओं को पहचान पत्र और वर्दी जारी की जाएगी ताकि उनकी बेहतर पहचान हो सके, साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए नए साइनबोर्ड लगाए जाएंगे।

इसके अलावा, अंतिम मील कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए स्टेशन को टैक्सी सेवाओं से जोड़ा जाएगा। वैष्णव ने पिछले कुछ वर्षों में रेलवे सुरक्षा में हुए सुधारों पर भी प्रकाश डाला है। लोकसभा में हाल ही में दिए गए एक लिखित उत्तर में, उन्होंने कहा कि गंभीर ट्रेन दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है, हाल के वर्षों में लगभग 90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

मंत्री द्वारा साझा किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, गंभीर रेल दुर्घटनाओं की संख्या 2014-15 में 135 से घटकर 2025-26 में (28 फरवरी तक) मात्र 14 रह गई है।

# सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 2026 में अब तक का सबसे अधिक 11,810 करोड़ का व्यय दर्ज किया

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।



सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 11,810.82 करोड़ रुपए का अब तक का सबसे अधिक व्यय दर्ज किया है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार, यह वित्त वर्ष 2024-25 में किए गए 10,409.00 करोड़ रुपए के व्यय में लगभग 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन के समय पर उपयोग पर विभाग के मजबूत फोकस को दर्शाता है।

विभाग ने बयान में कहा, 'वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर अब तक का सबसे अधिक व्यय दर्ज किया है।'

सरकार ने कहा कि उसने इसी तरह नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने, सफाई कर्मचारियों के कल्याण, वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण और भीख मांगने में लगे व्यक्तियों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में रिकॉर्ड व्यय किया है।

वित्त वर्ष 2025-26 में हासिल किया गया रिकॉर्ड व्यय देश भर में वंचित और कमजोर समुदायों के लिए सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

इसी बीच, देश भर में स्थित 349 दिव्यांग-अनुकूल प्रशिक्षण केंद्रों ने 2025-26 के दौरान कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया और 1,883 लोगों को प्रमाणित किया।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने पिछले महीने संसद में एक प्रश्न के उत्तर में आंकड़े साझा करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन केंद्रों द्वारा 2,395 दिव्यांगजनों (अलग-अलग क्षमताओं वाले व्यक्तियों) को प्रशिक्षित किया गया और इनमें से 1,883 को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आंकड़ों से पता चला कि इस अवधि के दौरान, मध्य प्रदेश ने 947 दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण प्रदान करके सभी राज्यों में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिनमें से अंततः 761 को प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

# वीकेंड राइड के लिए 150-200सीसी बाइक्स बनीं पहली पसंद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।



भारतीय युवाओं में वीकेंड राइड के लिए 150-200सीसी बाइक्स पहली पसंद बनी हुई है। युवाओं के रुझान को देखते हुए कंपनियां भी ऐसी ही बाइक्स का निर्माण कर रही है। बाइक निर्माता स्वदेशी कंपनी बजाज की बजाज पल्सर एनएस 200 बाइक अपनी पावर और स्पोर्टी लुक के लिए जानी जाती है। इसका 199.5 सीसी इंजन तेज पिकअप और दमदार परफॉर्मेंस देता है, जो शहर और हाईवे दोनों के लिए उपयुक्त है।

वहीं टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी रेसिंग डीएनए और एडवांस फीचर्स के साथ आती है, जिसमें शार्प हैंडलिंग और राइडिंग मोड्स इसे खास बनाते हैं। अगर स्मूथ और रिफाइंड राइड चाहिए, तो होंडा हार्नेट 2.0 बेहतर विकल्प है, जो कम मेंटेनेंस और बेहतर माइलेज के लिए जानी जाती है। बजट और स्टाइल के संतुलन के लिए हीरो एक्सट्रीम 160आर अच्छा विकल्प है, जिसमें हल्का वजन और बढ़िया पिकअप मिलता है। वहीं यामाहा एफझेड-एक्स कम्फर्ट और स्मूथनेस के लिए पसंद की जाती है।

शहर की ट्रैफिक भरी सड़कों पर आसान राइड और वीकेंड पर लंबी ड्राइव का मजा लेना हो, तो 150सीसी से 200सीसी सेगमेंट की बाइक्स सबसे संतुलित विकल्प बनकर उभरती हैं।

# टाटा नेक्सन का जलवा बरकरार

## मार्च 2026 में बनी सबसे ज्यादा बिकने वाली कॉम्पैक्ट एसयूवी



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** भारतीय ऑटो बाजार में टाटा नेक्सन की लोकप्रियता एक बार फिर साबित हो गई है। मार्च 2026 में यह देश की बेस्ट-सेलिंग कॉम्पैक्ट एसयूवी बनकर उभरी, जहां इसकी कुल 19,810 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की गई। इस दौरान इसने अपने सेगमेंट की अन्य मजबूत प्रतिद्वंद्वियों जैसे मारुति ब्रेजा और किया सोनेट को पीछे छोड़ दिया। ब्रेजा की 16,130 और सोनेट की 12,012 यूनिट्स बिकीं। इसके अलावा नेक्सन, अपनी ही कंपनी की टाटा पंच के बाद देश की दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी भी रही। नेक्सन को ग्राहकों के बीच खास बनाता है इसका दमदार इंजन और बेहतरीन परफॉर्मेंस। इसमें 1.2-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 120 बीएचपी की पावर और 170 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। वहीं, डीजल विकल्प के रूप में 1.5-लीटर इंजन मिलता है, जो 110 बीएचपी की पावर और 260 एनएम का टॉर्क देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिंद्रा की ईवी सीरीज की 50,000 यूनिटस की बिक्री

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** स्वदेशी वाहन निर्माता महिंद्र एंड महिंद्रा कंपनी की इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी सीरीज महिंद्रा बीई6, महिंद्रा एक्सईवी 9ई और महिंद्रा एक्सईवी 9एस ने मिलकर 50,000 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। नवंबर 2024 में लॉन्च हुई बीई 6 और एक्सईवी 9ई को बाजार से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी, जिनकी डिलीवरी मार्च 2025 से शुरू हुई। शुरुआती सात महीनों में ही इन दोनों मॉडलों की 30,000 से अधिक यूनिट्स बिक गईं, यानी औसतन हर 10 मिनट में एक गाड़ी की बिक्री हुई। बाद में एक्सईवी 9एस के जुड़ने से कुल बिक्री 50,000 तक पहुंच गई। इन वाहनों ने अब तक 32 करोड़ किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय कर ली है, जो उनकी विश्वसनीयता को साबित करता है। बीई 6 जहां स्पोर्टी डिजाइन और 682 किलोमीटर तक की रेंज के साथ युवाओं को आकर्षित कर रही है, वहीं एक्सईवी 9ई प्रीमियम सेगमेंट में कूप-स्टाइल डिजाइन और एडवांस फीचर्स के लिए जानी जा रही है। एक्सईवी 9एस, कंपनी की पहली 7-सीटर इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जिसे खासतौर पर परिवारों के लिए डिजाइन किया गया है। इस सफलता के पीछे ग्राहकों का बढ़ता भरोसा भी बड़ा कारण है। लगभग 80 प्रतिशत खरीदार पहली बार इलेक्ट्रिक वाहन अपना रहे हैं।

### नया फ्लैगशिप स्कूटर सिंपल अल्ट्रा पेश, 400 किमी है रेंज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** सिंपल एनर्जी ने अपना नया फ्लैगशिप स्कूटर सिंपल अल्ट्रा पेश कर दिया है। यह स्कूटर अपनी लंबी रेंज के कारण चर्चा में है। इस मॉडल को रोजमर्रा की कम्यूटिंग से लेकर लंबी दूरी की राइड के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी के मुताबिक, 6.5 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ यह स्कूटर आईडीसी टेस्ट में 400 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है, जो इसे भारत का सबसे लंबी रेंज वाला ई-स्कूटर बनाता है। इसकी कीमत करीब 2.10 लाख रुपये रखी गई है और इसे मई 2026 से खरीदा जा सकेगा, जबकि प्री-बुकिंग शुरू हो चुकी है। डिजाइन के मामले में सिंपल अल्ट्रा स्पोर्टी और शार्प लुक के साथ आता है। इसमें एप्रन माउंटेड हेडलैंप, इंटीग्रेटेड उम्ब्रर और स्लीक टेल सेक्शन दिया गया है। 780 मिमी सीट हाइट और 172 मिमी ग्राउंड क्लीयरेंस इसे शहर और हाईवे दोनों के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

# देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं, शनिवार को 51 लाख से अधिक सिलेंडर्स की डिलीवरी हुई : केंद्र

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को कहा कि 4 अप्रैल (शनिवार) को 51 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर्स की डिलीवरी हुई है और देश में किसी भी वितरक एजेंसी पर गैस की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। मंत्रालय ने कहा कि कुल बुकिंग में ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर की हिस्सेदारी बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है।

वितरक स्तर पर हेराफेरी को रोकने के लिए, डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी 90 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो कि मध्य पूर्व में तनाव से पहले फरवरी में 53 प्रतिशत की थी। साथ ही, मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर बुक करने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने बताया कि शनिवार को करीब 90,000 पांच किलो वाले छोटे एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री की गई है और 23 मार्च से अब तक 6.6 लाख एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री हो चुकी है।

मंत्रालय ने आगे कहा कि पांच किलो वाले छोटे एलपीजी सिलेंडर वितरकों के पास मौजूद हैं और कोई वैध पहचान पत्र दिखाकर, इन्हें हासिल किया जा सकता है। देश में पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च से अब तक 3.9 लाख से अधिक पीएनजी के नए पंजीकरण हो चुके हैं और 3.6 लाख नए पीएनजी कनेक्शन को गैस की आपूर्ति दी गई है।

राज्यों को घरेलू और व्यावसायिक दोनों उपभोक्ताओं के लिए नए पीएनजी कनेक्शन की सुविधा प्रदान करने की सलाह दी गई है। मंत्रालय के अनुसार, सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक बना हुआ है।

# अकेले रह रहे बुजुर्गों का सहारा बनेगी पुलिस

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल।

अपनों से दूर अकेले रह रहे बुजुर्गों के लिए पुलिस बेटे का फर्ज निभाएगी। उनकी सम्पत्ति, पेंशन, स्वास्थ्य, विवाद और जरूरतों का ध्यान रखेगी। घरों में अकेले रहने वाले बुजुर्गों को डायल 112 और यूपी कॉप एप से जोड़ने का काम जिले में शुरू हो चुका है। जिले के 24 थानों में साइबर सेल और मिशन शक्ति केंद्र की तर्ज पर सीनियर सिटीजन हेल्प डेस्क शुरू की गई है।

पुलिस का दावा है कि बुजुर्गों को पुलिस हेल्प के लिए थाने व चौकी के चक्कर नहीं काटने होंगे। पुलिस घर बैठे उनकी मदद करेगी। सुरक्षा के साथ-साथ अब पुलिस वरिष्ठ लोगों को सहारा भी देगी। पंजीकरण के वक्त वरिष्ठ नागरिक का पता सहित पूरा ब्योरा ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा।

रजिस्टर्ड नंबर से जैसे ही वरिष्ठ नागरिक



112 नंबर पर कॉल करेगा, उसका रिकॉर्ड पुलिस की स्क्रीन पर आ जाएगा। 10 से 15 मिनट में पीआरवी कॉलर की मदद के लिए उपलब्ध होगी। थानाध्यक्षों को जानकारी दी जा चुकी है कि वे सीनियर सिटिजन से संपर्क करें। उनके मोबाइल से यूपी आपात सेवा 112 पर पंजीकरण कराया जाए। यदि सीनियर सिटिजन के पास एंड्रॉयड फोन है तो यूपी कॉप का एप्लिकेशन डाउनलोड किया जाए और डायल 112 में रजिस्ट्रेशन भी करें। सभी थानों में एक दरोगा और सिपाही को रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी सौंप दी है।

## बीट पुलिस अधिकारी रखेंगे संपर्क

बीट पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्गों से नियमित संपर्क करेंगे और प्रतिमाह उनसे मुलाकात कर उनकी स्थिति और समस्याओं की जानकारी लेंगे। इससे बुजुर्गों और पुलिस के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा। अभी तक कमिश्नरेट स्तर पर ऑपरेशन सवेरा के तहत बुजुर्गों के लिए एक सेल काम कर रही थी। अब इसका दायरा 24 हेल्प डेस्क हो चुकीं हैं। प्रत्येक डेस्क पर एक उपनिरीक्षक और दो पुलिसकर्मी 24 घंटे तैनात रहेंगे।

## वरिष्ठजन यहां कर सकते हैं संपर्क

सीनियर सिटीजंस के लिए पुलिस ने कुछ नंबर भी जारी किए हैं। इन पर कॉल करके सीनियर सिटीजंस शिकायत दर्ज करा सकते हैं। 20 मिनट बाद ही उनके पास पुलिस पहुंचेगी और मदद करेगी। हैल्पलाइन नंबर 9643324446, 9643303628 पर शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

जिले के सभी थानों में वरिष्ठ नागरिक सहायता केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं इन पर 24 घंटे वरिष्ठजनों को सहायता मिलेगी। केंद्र पर एक उपनिरीक्षक, दो मुख्य आरक्षी और एक महिला आरक्षी की तैनाती सुनिश्चित कर दी गई है। -जे. रविंदर गौड़, पुलिस आयुक्त।

## संक्षिप्त खबरें

### ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** मैट्रीमोनियल एप के जरिये दोस्ती कर 45 लाख रुपये ठगने के मामले में एक आरोपी को साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 23 साल का राज सहानिया दिल्ली के कल्याणपुरी खिचड़ीपुर का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि राज ने प्रशांत (खाताधारक) से खाता लेकर ठगों को दिया था। वह बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। राज पहले नोएडा में एक निजी कंपनी में कॉलर का काम करता था। खाताधारक प्रशांत भी उसी कंपनी में काम करता था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि राज को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर टीम पूछताछ कर रही है। मामले में खाताधारक प्रशांत को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। ठगी की शिकायत सेक्टर-2 निवासी व्यक्ति ने दी थी। ब्यूरो

### सीएम के आने पर रातों रात बना दी सड़कें

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** मुख्यमंत्री की शनिवार को हुई रैली से पहले ही सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क के सामने वाली मुख्य सड़क सहित आसपास की सड़कें रातों-रात दुरुस्त कर दी गईं। स्थानीय लोगों के मुताबिक देर रात तक मशीनों और कर्मचारियों की टीम मौके पर जुटी रही। सड़क पर गड्ढों को भरा गया और कई हिस्सों पर नई परत बिछाई गई । प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों को दुरुस्त करना जरूरी था ताकि यातायात सुचारु बना रहे और किसी तरह की परेशानी न हो।

### दो पक्षों में मारपीट, गाड़िया क्षतिग्रस्त

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** सेक्टर-17 थाना इलाके में गली में हुए विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस दौरान ईंट-पत्थर भी एक-दूसरे पक्ष पर फेंके गए। पुलिस को मामले में शिकायत सेक्टर-87 निवासी सुमंत ने दी है। शिकायत में आरोप दूसरे पक्ष के मोहित, बिमलेश, राहुल, राहुल के माता-पिता और अन्य पर लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कॉल कर उसे मोहित के घर बुलाया गया, जहां विवाद बढ़ने पर उसके साथ मारपीट की गई। लूटपाट का भी आरोप लगाया गया लेकिन पुलिस की जांच में सिर्फ झगड़े की बात सामने आई। इस दौरान दोनों पक्षों की गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# शिशु रोग विशेषज्ञ की ओपीडी के प्रतीक्षालय में पंखे खराब, बढ़ी परेशानी

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल।

जिला नागरिक अस्पताल में बढ़ती गर्मी के साथ शिशु रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में अव्यवस्थाएं मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। ओपीडी के प्रतीक्षालय में पिछले कई दिनों से पंखे खराब पड़े हैं, जिससे यहां इंतजार कर रहे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि यहां आने वाले अधिकांश मरीज नन्हें बच्चे होते हैं, जिन्हें उनकी माताएं और अन्य अभिभावक अस्पताल लेकर आते हैं। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 250 शिशु मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। अधिक भीड़ के कारण कई बार अभिभावकों को दो घंटे से भी ज्यादा इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में बिना पंखों के गर्मी में बैठना काफी मुश्किल हो जाता है। अपने बेटे को बुखार होने पर अस्पताल लाई मनोरमा देवी ने बताया कि छोटे बच्चों को लेकर गर्मी में इंतजार करना बेहद कठिन है।

उन्होंने कहा कि हम तो किसी तरह गर्मी सहन कर लेते हैं, लेकिन बच्चे रोने लगते हैं। वहीं अपने नवजात शिशु को



तेज सांस की समस्या के चलते डॉक्टर को दिखाने आई प्राची ने बताया कि वह पिछले महीने भी यहां आई थीं, तब भी पंखे खराब थे और अब तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इस संबंध में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गोयल ने कहा कि मामला संज्ञान में आ गया है और जल्द ही पंखों की मरम्मत कराकर व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# सीमित सुविधाओं के कारण आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयुर्वेद सेवाएं प्रभावित

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** एसी नगर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयुर्वेद चिकित्सा सेवाएं सीमित होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां सप्ताह में केवल एक दिन, बृहस्पतिवार को ही आयुर्वेद चिकित्सक की ओपीडी लगती है, जिसके चलते अन्य दिनों में आने वाले मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ता है। मरीजों का कहना है कि कई बार निर्धारित दिन पर भी चिकित्सक समय पर नहीं पहुंचते या अनुपस्थित रहते हैं। इससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। केंद्र पर इलाज के लिए आई मरीज अनुराधा अस्थाना ने बताया कि वह घुटने के दर्द से परेशान हैं, लेकिन चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें बिना इलाज लौटना पड़ा। वहीं मरीज दीपा ने बताया कि वह अपने बेटे को सर्दी-जुकाम की दवा दिलाने आई थीं, लेकिन डॉक्टर न मिलने के कारण उन्हें भी निराश होकर वापस जाना पड़ा। केंद्र में आयुर्वेद फार्मासिस्ट नहीं है, जिसके कारण दवाइयों के वितरण में अव्यवस्था बनी रहती है। कई बार चिकित्सक को स्वयं दवाइयां ढूंढकर मरीजों को देनी पड़ती हैं, जिससे ओपीडी संचालन प्रभावित होता है। इस संबंध में केंद्र प्रभारी दीपक चोपड़ा ने बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सक को दिखाने वाले मरीजों की संख्या फिलहाल कम है।

## हत्या में शामिल दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** करीब चार साल पहले कहासुनी होने पर युवक की हत्या कर द्वारका एक्सप्रेस-वे के पास शव फेंकने के मामले में जिला अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा दी है। अदालत ने दोषी उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ के लालपुर गांव निवासी जतिन और हाथरस के टिकैत निवासी उमेश चंद पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह आदेश अतिरिक्त सत्र एवं न्यायाधीश सुनील कुमार दीवान की अदालत ने दिया है।

11 अप्रैल 2022 को द्वारका एक्सप्रेस-वे पर एक निर्माणाधीन स्थल पर युवक का शव मिला था। बजघेड़ा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान शुरू की। मृतक की पहचान महेंद्रगढ़ के ढाढोत गांव निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई थी। मृतक के परिवार की तरफ से जतिन और उमेश चंद पर शक जाहिर किया था। पुलिस ने मामले की जांच की तो इनके पास से मृतक का मोबाइल और सीसीटीवी फुटेज में भी इनके साथ दिखा था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान बताया कि वे टैक्सी चलाने का काम करते थे। सुनील कुमार रेलवे स्टेशन पर मिला था। कहासुनी होने पर उनकी हत्या कर दी थी।

# हमलावर पाकिस्तानी संगठनों से जुड़े, वहीं से हुई फंडिंग : सलीम वास्तिक

» लोनी, यूटर्न/ 05 अप्रैल।

भारत के मुसलमान बहुत अच्छे हैं। कुछ लोगों के गलत कार्य ने उन्हें बदनाम किया है। यह बात जानलेवा हमले में घायल यू-ट्यूबर सलीम वास्तिक ने आवाज लौटने पर कही। सलीम ने कहा कि वह आगे भी अपने मुस्लिम परिवार को आगे बढ़ाने के लिए वीडियो बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने उन पर हमला किया वह पाकिस्तानी संगठनों से जुड़े हैं। वहीं से उन्हें फंड आता था। अधिकारियों ने सलीम की सुरक्षा में दो पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

सलीम वास्तिक ने बताया कि अब मेरा स्वास्थ्य ठीक है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग दीन और अल्लाह को इस हिसाब से मानते हैं कि उन्हें ऐसी घटना से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता। इस प्रकार के लोग हमारे बच्चों को भी गलत जानकारी देते हैं। कुरान कहता है कि दीन में कोई जबरदस्ती नहीं है। कोई



उन्हें माने या नहीं माने। उन्होंने अल्लाह के दर पर जन्नत बनाकर रखी है। उनके वीडियो से कुछ लोगों की रोजी रोटी पर असर पड़ रहा था। उन लोगों की दुकानदारी पर असर पड़ रहा था। उन्हीं लोगों ने हमला भी किया। भारत के सारे मुसलमान ऐसे नहीं हैं। सलीम ने कहा कि कमियां सभी धर्मों में होती हैं। हिंदू धर्म में भी कमियां थी, उन्होंने दूर कर लीं। सिखों ने भी कमियों को दूर कर लिया है। हमारी मुसलमान कौम स्कूलों से दूर हो रही थी। सलीम ने कहा कि उनका मकसद बस यही है कि मुसलमान कामयाबी की तरफ आए। भारत के मुसलमान हिंदुस्तान की तरक्की के लिए काम करें। वह इसके लिए ही कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यूपी पुलिस को धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि लोनी थाना इंचार्ज मुकेश सोलंकी ने बहुत मेहनत और ईमानदारी से काम किया। उन्होंने कहा कि ऊपर वाले का धन्यवाद तो है लेकिन देश के बहुत लोगों ने उनके लिए दुआ मांगी। मुस्लिम के साथ-साथ हिंदुओं ने उनके लिए मंदिरों में पूजा पाठ की। हवन कर उनकी सलामती की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरी तरह स्वास्थ्य होकर फिर से मुस्लिम लोगों की तरक्की के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

## सलीम पर दो भाइयों ने हमला किया था

धार्मिक कुरीतियों के खिलाफ बोलने वाले यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर 27 फरवरी को उनके अली गार्डन कॉलोनी स्थित कार्यालय में घुस कर दो भाइयों जीशान और गुलफाम ने चाकू से हमला कर जानसे मारने की कोशिश की थी।

# अरावली में वन्य जीवों की प्यास बुझाने को बनाया जा रहा है तालाब

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 अप्रैल।

अरावली के वन्यजीवों को अब भीषण गर्मी में पानी की तलाश में आबादी वाले इलाकों की ओर नहीं भटकना पड़ेगा। वन विभाग द्वारा अरावली वन क्षेत्र में बारिश के पानी को सहेजने के लिए एक विशाल चेक डैम और तालाब का निर्माण किया जा रहा है। गांव पाली के पास बन रहे इस प्रोजेक्ट से न केवल तेंदुए, नीलगाय और हिरण जैसे जीवों को सालभर पानी मिलेगा, बल्कि क्षेत्र के गिरते भू-जल स्तर में भी सुधार होगा।

जिला वन अधिकारी झलकार उयके ने बताया कि इस परियोजना पर करीब एक करोड़ रुपये की लागत आ रही है। तालाब की लंबाई 70 मीटर, चौड़ाई 46 मीटर और गहराई 4 मीटर रखी गई है। वर्तमान में चेक डैम और तालाब का लगभग 75 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। विभाग ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि अप्रैल के अंत तक इसे पूरी तरह तैयार कर लिया जाए ताकि आने वाले मानसून का पानी इसमें स्टोर किया जा सके। अरावली की तलहटी में बसे पाली गांव के लिए यह योजना



संजीवनी साबित होगी। दरअसल, मानसून के दौरान पहाड़ी से आने वाला पानी गांव की गलियों और सड़कों पर जलभराव कर देता था।

करीब 10 साल पहले यहां चेक डैम बनाने की योजना बनी थी, लेकिन किन्हीं अड़चनों के कारण काम शुरू नहीं हो सका। अब इस पुरानी योजना को सिरे चढ़ाया जा रहा है, जिससे गर्मी के दिनों में पहाड़ियों में तपिश बढ़ने पर वन्यजीव पानी की तलाश में अक्सर रिहायशी इलाकों का रुख करते हैं। कुछ महीने पहले ही पानी की तलाश में सड़क पार करते समय एक तेंदुए की हादसे में मौत हो गई थी। इस तालाब के बनने से वन्यजीवों को जंगल के भीतर ही पानी मिल सकेगा।


यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## सिंगापुर का खाना, फैशन और माहौल पसंद आया मौनी रॉय को

अभिनेत्री मौनी रॉय को सिंगापुर में अपने नए म्यूजिक वीडियो 'सॉसी' की शूटिंग के दौरान एक नया अनुभव हुआ। वीडियो में उन्होंने पंजाबी सिंगर-रैपर रियार साब और मशहूर रैपर डिवाइन के साथ काम किया है। अभिनेत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सिंगापुर पहले से ही उनकी ट्रैवल लिस्ट में शामिल था, लेकिन इस बार वहां जाना उनके लिए बेहद खास साबित हुआ। उन्होंने कहा कि इस खूबसूरत देश को पहली बार करीब से देखने और उसी दौरान शूटिंग करने का अनुभव उनके लिए अनोखा रहा। वहां का खाना, फैशन और माहौल उन्हें बेहद पसंद आया और उन्होंने खुद को उस माहौल में पूरी तरह घुला-मिला हुआ महसूस किया।

उन्होंने आगे बताया कि शूटिंग के दौरान उन्हें शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाने का मौका मिला, जहां हर जगह का अनुभव अलग था। कभी शहर तेज रफ्तार और हलचल से भरा नजर आता था, तो कभी शांत और सुकून देने वाला।



## हम सबको जोड़ता है ब्लॉग :अमिताभ बच्चन

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ब्लॉग के माध्यम से अपने मन के भाव फैंस तक पहुंचाते रहते हैं। अमिताभ ने हाल ही ब्लॉग के मतलब और उसके विकास के बारे में बात की। बिग बी ने बताया कि ब्लॉग की शुरुआत सीखने की प्रक्रिया से हुई थी, धीरे-धीरे यह उनकी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया। इसमें निरंतरता है, जो जीवन की अनिश्चितताओं के बीच भी बनी रहती है। उन्होंने अपने ब्लॉग में लिखा, हर उस चीज के लिए हमेशा एक सही समय और जगह होती है, जिसके करने, मानने और पूरा करने की जरूरत होती है। उन्होंने अपने ब्लॉग को सिर्फ एक प्लेटफॉर्म नहीं बल्कि एक खास जगह बताया। अभिनेता ने कहा कि यह उन्हें दुनिया भर के लोगों से जोड़ता है। उन्होंने लिखा, ब्लॉग हम सबको जोड़ता है। कभी-कभी यह हमें दूर ले जाता है, तो कभी हमेशा उपस्थित रहने की कोशिश करता है। बच्चन ने आगे लिखा, लेकिन यह हमेशा आने और अपनी हाजिरी लगाने की कोशिश करता है।

# सुबह की आदतों में सुधार बेहद जरूरी : सामंथा



साउथ फिल्म इंडस्टी की मशहूर अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने अपनी खास 'पावर मॉर्निंग' रूटीन साझा की है। सोशल मीडिया पर सामंथा ने एक वीडियो के जरिए बताया कि उन्होंने कई तरह के मॉर्निंग रूटीन अपनाए, लेकिन अंत में एक सरल और प्रभावी तरीका खोजा, जिसे उन्होंने 'पावर मॉर्निंग' नाम दिया। उनके अनुसार, दिन की शुरूआत सही ढंग से करने पर पूरे दिन की ऊर्जा और उत्पादकता पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर सुबह व्यवस्थित होती है, तो दिनभर शरीर और मन दोनों संतुलित रहते हैं। वीडियो में उन्होंने यह भी बताया कि कई लोग नियमित व्यायाम और डाइट के बावजूद पेट की चर्बी, त्वचा संबंधी समस्याओं या सुबह चेहरे पर सूजन जैसी परेशानियों से जूझते हैं। इसके पीछे गलत मॉर्निंग रूटीन एक अहम कारण हो सकता है। इसलिए सुबह की आदतों में सुधार बेहद जरूरी है। सामंथा ने खास तौर पर शरीर में बनने वाले स्ट्रेस हार्मोन कॉर्टिसोल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सुबह उठते ही इसका स्तर स्वाभाविक रूप से अधिक होता है, लेकिन यदि व्यक्ति उठते ही फोन, खबरें या काम में लग जाता है, तो यह तनाव और बढ़ा सकता है इससे दिनभर ध्यान और मानसिक शांति प्रभावित होती है। उन्होंने अपनी दिनचर्या में कुछ आसान लेकिन प्रभावी सुझाव दिए। सबसे पहले, जागने के बाद कम से कम एक घंटे तक मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। इसके बाद कुछ मिनट शांत बैठकर गहरी सांस लेने से दिमाग को सकारात्मक संकेत मिलता है और शरीर बेहतर तरीके से काम करता है। साथ ही, सुबह के शुरूआती समय में धूप लेना, हेल्दी ड्रिंक और संतुलित नाश्ता करना भी बेहद फायदेमंद बताया गया है, जिससे ब्लड शुगर नियंत्रित रहती है।

## धुरंधर के गाने पर बनाया रश्मि देसाई का वीडियो खूब हो रहा वायरल



छोटे परदे की एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने धुरंधर के गाने गहरा हुआ पर डांस वीडियो बनाया। उनका यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो की खास बात यह है कि इसमें रश्मि ने बैठे-बैठे ही अपनी अदाओं और एक्सप्रेशंस से सबका दिल जीत लिया। रश्मि देसाई ने इस डांस वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया, जिसमें उनका अंदाज बेहद सादगी भरा नजर आ रहा है। उन्होंने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा- देसी और ग्रेसफुल। वीडियो में रश्मि पारंपरिक अंदाज में नजर आ रही हैं।

गाने की लाइन्स पर उनके चेहरे के एक्सप्रेशन और हाथों की नजाकत मैच कर रही हैं। उनके इस सादगी को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस डांस की सबसे खास बात यह है कि रश्मि ने इसे कथक स्टाइल में पेश किया है। आमतौर पर कथक एक ऐसा नृत्य है जिसमें पैरों की थाप और घूमने वाले मूवमेंट्स अहम होते हैं लेकिन रश्मि ने इसे बैठे-बैठे ही इतने शानदार तरीके से किया कि हर कोई कमेंट्स में उनकी तारीफ कर रहा है। एक यूजर ने लिखा, आपके एक्सप्रेशंस कमाल के हैं, नजर नहीं हट रही। दूसरे यूजर ने लिखा, अरिजीत सिंह के गाने पर इतना शानदार कथक, परफेक्ट कॉम्बिनेशन। अन्य यूजर्स ने लिखा, देसी वाइब्स + एलिगेंस = रश्मि देसाई। अब बात करें गहरा हुआ गाने की, तो यह फिल्म धुरंधर का एक सॉफ्ट ट्रैक है। इस गाने को मशहूर सिंगर अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी है। वहीं गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं।



## एक दिवसीय वर्ल्ड कप 2027 पर हार्दिक पांड्या की नजर

### 10 ओवर गेंदबाजी के लिए कर रहे खास तैयारी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अभी से वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पांड्या ने चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट को स्पष्ट कर दिया है कि वह 2027 विश्व कप का हिस्सा बनना चाहते हैं। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए वह पिछले कुछ महीनों से अपनी गेंदबाजी पर खास काम कर रहे हैं। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स की सबसे बड़ी शर्त यह है कि पांड्या वनडे क्रिकेट में जरूरत पड़ने पर पूरे 10 ओवर गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह फिट रहें। हालांकि हर मैच में उनसे पूरा स्पेल नहीं कराया जाएगा, लेकिन टीम को जब जरूरत हो, तब वह यह जिम्मेदारी निभा सकें। यही कारण है कि पांड्या अपनी फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

इस दिशा में उनकी प्रगति का संकेत विजय हजारे ट्रॉफी में देखने को मिला, जहां उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ मुकाबले में पूरे 10 ओवर गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। इस प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया कि वह लंबा स्पेल डालने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।



## हेनरिच क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी से किया इनकार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की संभावनाओं को खत्म करते हुए साफ कर दिया है कि वह अब दोबारा राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलेंगे। 34 वर्षीय क्लासेन ने यह फैसला अपने परिवार को प्राथमिकता देने के कारण लिया है। गौरतलब है कि केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बाद उन्होंने पिछले साल जून में क्रिकेट के सभी अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और तब से वह दुनियाभर की टी20 लीग में सक्रिय हैं।

हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़े एक वीडियो में क्लासेन ने नीतिश कुमार रेड्डी के साथ बातचीत के दौरान अपने फैसले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वापसी को लेकर उन्होंने करीब दो हफ्तों तक गंभीरता से विचार किया, लेकिन अंततः यह तय किया कि अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटना सही नहीं होगा। क्लासेन ने स्वीकार किया कि टी20 विश्व कप के दौरान अपने साथियों को अच्छा प्रदर्शन करते देख उनके मन में वापसी का विचार जरूर आया था। उन्होंने कहा कि उस समय उन्हें महसूस हुआ कि वह टीम का हिस्सा क्यों नहीं हैं और उन्होंने दोबारा खेलने की इच्छा भी जताई थी। इस दौरान उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडन मार्करम से भी बातचीत की थी। हालांकि, क्लासेन ने बताया कि बातचीत के बाद भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई और विश्व कप के बाद उन्हें यह एहसास हुआ कि उनकी वापसी की संभावना कम है।

# मैक्रों की पत्नी पर तंज कसने वाले ट्रंप ने की 3 शादियां, 2 बार तलाक, मेलेनिया से तनावपूर्ण रिश्ते

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 05 अप्रैल।**

फ्रांसिसी राष्ट्रपति मैक्रों की पत्नी ब्रिगेट मैक्रों पर विवादित टिप्पणी को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर सुर्खियों में हैं। ट्रंप की टिप्पणी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस छेड़ दी है। फ्रांस के राजनेताओं ने कहा है कि ट्रंप का ये बयान पूरी तरह अस्वीकार्य है। इतना ही नहीं ट्रंप की आलोचना करने में फ्रांस का पक्ष-विपक्ष एक हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि खुद ट्रंप का निजी वैवाहिक जीवन विवादों में घिरा रहा है। उनकी तीन शादियां हो चुकी हैं, जिसमें दो तलाक सार्वजनिक विवादों के बीच हुए थे, जबकि तीसरी शादी भी समय-समय पर अनबन की वजह से चर्चा में रहती है। 14 जून 1946 में जन्मे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पहली शादी 1977 में इवाना ट्रंप से हुई थी। इवाना ट्रंप कारोबारी और सोशलाइट के रूप में जानी जाती थीं और लंबे समय तक ट्रंप के कारोबारी साम्राज्य का हिस्सा भी रहीं। लेकिन 1990 के दशक की शुरूआत में यह रिश्ता तब टूट गया जब ट्रंप का नाम



अभिनेत्री मार्ला मैपल्स के साथ जुड़ने लगा। 1990 के दशक की शुरूआत में यह रिश्ता सार्वजनिक हुआ था और अमेरिकी मीडिया में खूब चर्चा में रहा। तभी इवाना और ट्रंप के बीच मतभेद बढ़ते गए। इवाना पहले से उनके कारोबारी साम्राज्य में सक्रिय भूमिका निभाती थीं, लेकिन निजी जीवन के विवादों ने वैवाहिक रिश्ते को कमजोर किया। आखिरकार 1992 में दोनों का तलाक हो गया। यह उस समय अमेरिका के सबसे चर्चित हाई-प्रोफाइल तलाकों में से एक माना गया।

इसके बाद ट्रंप ने 1993 में मार्ला मैपल्स से शादी की। लेकिन यह रिश्ता भी ज्यादा समय तक नहीं टिक सका। दोनों के बीच मतभेदों और अलग-अलग जीवनशैली को तलाक की वजह माना गया। मार्ला और डोनाल्ड ट्रंप की शादी 20 दिसंबर 1993 को न्यूयॉर्क के प्लाजा होटल में हुई थी। उनकी बेटी टिफनी का जन्म अगले साल अक्टूबर में हुआ था। शादी के बाद दोनों के संबंध तनावपूर्ण होने लगे।

दोनों की दुनिया के प्रति सोच, जीवनशैली और मूल्य अलग थे। मार्ला जॉर्जिया की साधारण पृष्ठभूमि से थीं, आध्यात्मिक विकास और फैमिली वैल्यूज पर जोर देती थीं, जबकि ट्रंप बिजनेस और लग्जरी लाइफस्टाइल में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि रिश्ता इल्लशन पर टिका था और वे एक-दूसरे का बेस्ट नहीं निकाल पाते थे। 1996 में मार्ला पर बॉडीगार्ड के साथ अफेयर का आरोप लगा। 1997 में दोनों के बीच अलगाव हुआ और 1999 में दोनों का आधिकारिक रूप से अलगाव हुआ। इस तरह ट्रंप की लगातार दो शादियां सार्वजनिक बहस और मीडिया विवादों के बीच खत्म हुईं।

## ईरान के द्वीपः खाड़ी में छिपे वो जंग के मोहरे, जिनसे कांपती है दुनिया की अर्थव्यवस्था

**तेहरान, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव ने एक बार फिर दुनिया का ध्यान उन छोटे लेकिन बेहद शक्तिशाली ठिकानों की ओर खींच दिया है, जो ईरान के समुद्री कवच माने जाते हैं। खाड़ी में फैले ईरान के ये द्वीप अब सिर्फ भौगोलिक इकाइयां नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, तेल व्यापार और युद्ध रणनीति के सबसे अहम केंद्र बन चुके हैं। ईरान के पास करीब 400 द्वीप हैं, जिनमें से मुट्ठी भर द्वीप ही पूरी दुनिया की ऊर्जा सप्लाई और सुरक्षा को नियंत्रित करने का माद्दा रखते हैं। ईरान की अर्थव्यवस्था की धड़कन कहा जाने वाला खार्ग आईलैंड आज सबसे अधिक चर्चा में है। ईरान के कच्चे तेल का 90 प्रतिशत निर्यात इसी द्वीप से होता है। विशाल स्टोरेज टैंकों और भारी सुरक्षा वाले इस फॉरबिडन आईलैंड पर आम लोगों का प्रवेश वर्जित है और इसकी सुरक्षा सीधे रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के हाथों में है। अगर जंग के दौरान इस द्वीप पर आंच आती है, तो ईरान की आर्थिक कमर टूट सकती है और वैश्विक तेल बाजार में हाहाकार मच सकता है। रणनीतिक दृष्टि से होर्मुज, लारक और केशम द्वीप ईरान की सबसे बड़ी ताकत हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है, वहां ये द्वीप एक टोल गेट की तरह काम करते हैं। लारक और केशम में ईरान ने कथित तौर पर अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी और बंकर बना रखे हैं। यहां तैनात ड्रोन और अटैक बोट्स किसी भी समुद्री जहाज की आवाजाही को पल भर में रोक सकती हैं। वहीं अबू मूसा और तुंब द्वीप भले ही विवादित हों, लेकिन ये ईरान की फ्रंटलाइन सुरक्षा दीवार का काम करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कुवैत में वित्त मंत्रालय और तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले

**दोहा, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमलों में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। कुना समाचार एजेंसी के अनुसार हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था। इस ड्रोन हमले से ईंधन के टैंकों में आग लग गई थी। उल्लेखनीय है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में विभिन्न ठिकानों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है।

### ईरान के आईआरजीसी ने अमरीकी ड्रोन एमक्यू-9 गिराया

**तेहरान, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** ईरान में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इस्फहान शहर के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 रीपर को मार गिराया है। प्रेस टीवी ने आईआरजीसी के एक बयान का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी है। इससे पहले, ईरान के खातम अल-अंबिया सैन्य कमांड के केन्द्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फागरी ने कहा था कि ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार को तीन एमक्यू-9 रणनीतिक ड्रोनों को निष्क्रिय कर दिया था। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए थे, जिससे जान माल का काफी नुकसान हुआ।

### नासा ने विकसित की अत्याधुनिक डीप स्पेस नेटवर्क प्रणाली

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक अत्याधुनिक प्रणाली विकसित की है, जिसे डीप स्पेस नेटवर्क (डीएसएन) कहा जाता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा और उन्नत टेलीकम्युनिकेशन नेटवर्क माना जाता है, जो पृथ्वी और गहरे अंतरिक्ष में मौजूद यानों के बीच संपर्क बनाए रखता है। डीएसएन एक अंतरराष्ट्रीय रेडियो एंटीना नेटवर्क है, जो अंतरिक्ष यानों को निर्देश भेजने के साथ-साथ उनसे मिलने वाले वैज्ञानिक डेटा, तस्वीरें और सिग्नल पृथ्वी तक पहुंचाता है। इस नेटवर्क का संचालन जेट प्रोपुलशन लेबोरेट्री द्वारा किया जाता है।

# पुलिस की कार्रवाई में 300 किलो अवैध नशीले पदार्थ जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार



» **काबुल, यूटर्न/ 05 अप्रैल।**

अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, पुलिस ने 300 किलोग्राम हशीश सहित अवैध ड्रग्स बरामद किए हैं और चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी बयान में कहा गया, 'काउंटर-नारकोटिक्स पुलिस अधिकारियों ने हेलमंद प्रांत में 300 किलोग्राम हशीश जब्त की है।' समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने पूर्वी नंगरहार प्रांत की राजधानी जलालाबाद शहर से 2,800 नशीली गोलियां और हेरात से स्थानीय रूप से 'टैबलेट-के' नाम से जानी जाने वाली 1,000 नशीली गोलियां भी बरामद की गई हैं। बयान में कहा गया कि अवैध वस्तुओं की तस्करी में शामिल होने के आरोप में चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, और चेतावनी दी गई कि जो भी अवैध ड्रग्स का उत्पादन या तस्करी करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

29 मार्च को अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने बताया था कि सुरक्षा बलों ने पश्चिमी घोर प्रांत में दो गुप्त हेरोइन प्रसंस्करण प्रयोगशालाओं को ध्वस्त कर दिया और 6,000 किलोग्राम से अधिक अवैध ड्रग्स नष्ट कर दिए।

मंत्रालय के अनुसार, काउंटर-नारकोटिक्स इकाइयों ने लक्षित अभियान चलाकर इन ठिकानों को नष्ट किया और हेरोइन उत्पादन में उपयोग होने वाले 6,140 किलोग्राम रासायनिक पदार्थ जब्त किए।

अफगान अधिकारियों ने देशभर में मादक पदार्थों की तस्करी और उत्पादन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है और संकल्प लिया है कि अफीम की खेती और हेरोइन निर्माण को पूरी तरह समाप्त करने तक अभियान जारी रहेगा। 24 फरवरी को एक बयान में बताया गया कि उत्तरी तखार प्रांत में अफगान पुलिस ने दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 41 किलोग्राम अवैध ड्रग्स बरामद किए। बयान के अनुसार, आरोपी 23 फरवरी को 29 किलोग्राम अफीम और 12 किलोग्राम हशीश को प्रांत से बाहर तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे। 3 फरवरी को, पश्चिमी फराह प्रांत के पुलिस प्रवक्ता मुल्ला कलीमुल्लाह नंगयाल ने बताया कि पुलिस ने दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया और 75 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने फराह रोड जिले में एक स्थान पर छापा मारा, जहां से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और 75 किलोग्राम कच्ची अफीम बरामद की गई।



## लीबिया ने सार्वजनिक चिंताओं का हवाला देते हुए नए तेल सौदों पर रोक लगाई

**त्रिपोली, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** लीबिया की राष्ट्रपति परिषद के प्रमुख मोहम्मद अल-मेनफी ने देश के पहले से विकसित तेल क्षेत्रों से संबंधित किसी भी नए सौदे को न करने का निर्देश दिया है। लीबिया की राष्ट्रपति परिषद के मीडिया कार्यालय ने पुष्टि की कि राष्ट्रीय तेल निगम (एनओसी) के अध्यक्ष मसूद सुलेमान को दिए गए निर्देश के तहत देश के पहले से विकसित तेल क्षेत्रों से संबंधित सभी नए सौदों पर रोक लगाई गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अल-अहरार टीवी के हवाले से रिपोर्ट में बताया कि इसमें सभी प्रकार के समझौते, अनुबंधात्मक व्यवस्था और अन्य संबंधित लेनदेन शामिल हैं। मेनफी ने यह भी अनुरोध किया कि किसी भी पिछले सौदे की कानूनी, तकनीकी और आर्थिक प्रक्रियाओं और पृष्ठभूमि की तुरंत रिपोर्ट परिषद को भेजी जाए। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य लीबिया की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की सुरक्षा करना और उसके रणनीतिक तेल संसाधनों से सर्वोत्तम लाभ सुनिश्चित करना है।

## इजरायल की धमकी के बाद सीरिया ने जदेइदेत याबूस क्रासिंग अस्थायी रूप से बंद की

» **दमिश्क, यूटर्न/ 05 अप्रैल।**

सीरियाई अधिकारियों ने घोषणा की है कि इजरायल द्वारा क्षेत्र पर संभावित हमलों की चेतावनी के बाद सुरक्षा के चलते लेबनान के साथ एक महत्वपूर्ण सीमा चौकी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। जमीन, समुद्री सीमा और क्रासिंग प्राधिकरण ने शनिवार (स्थानीय समय) को कहा कि लेबनान के मस्ना क्रासिंग के सामने स्थित जदेइदेत याबूस क्रासिंग केवल नागरिकों के लिए है न कि किसी भी सैन्य उद्देश्य के लिए। प्राधिकरण ने कहा, 'क्रासिंग पर कोई सशस्त्र समूह या मिलिशिया (सेना) मौजूद नहीं है और इसका उपयोग नागरिक और कानूनी ढांचे से बाहर किसी भी गतिविधि के लिए नहीं किया जाता है।' प्राधिकरण ने कहा कि स्थिति सामान्य होने पर यातायात फिर से शुरू हो जाएगा। यह घोषणा तब हुई जब इजरायली सेना ने सीरिया-लेबनान सीमा पर स्थित मसना क्रॉसिंग की ओर जाने वाली सड़क को निशाना



बनाने की बात कही। इजरायली सेना का आरोप है कि हिजबुल्लाह इस मार्ग का इस्तेमाल सैन्य कार्रवाई के लिए करता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने यह जानकारी दी है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी क्षेत्रीय संघर्षों के चलते सीमा पर तनाव बना हुआ है। 31 मार्च को सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने कहा था कि सीरिया किसी भी संघर्ष से दूर रहेगा जब तक कि उसे सीधे तौर पर निशाना न बनाया जाए।

## वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच मिस्र ने बढ़ाई बिजली की कीमतें

**काहिरा, यूटर्न/ 05 अप्रैल।** मिस्र के बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इस अप्रैल से कमर्शियल और घरेलू बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। मंत्रालय ने बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के कारण पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट का हवाला दिया है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार देर रात (स्थानीय समय) जारी एक बयान में, मंत्रालय ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण सभी ऊर्जा संसाधनों में पैदा हुए गंभीर वैश्विक संकट ने इस महीने से कुछ कमर्शियल और घरेलू खपत श्रेणियों के लिए कीमतों में बढ़ोतरी को जरूरी बना दिया है। यह जानकारी बयान में कहा गया है कि अलग-अलग श्रेणियों में कमर्शियल खपत की कीमतों में औसतन लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। घरेलू खपत के लिए, उन श्रेणियों की कीमतें जिनमें प्रति माह



2,000 किलोवाट-घंटा या उससे अधिक बिजली की खपत होती है, औसतन 16 प्रतिशत बढ़ा दी गई हैं, जबकि 2,000 किलोवाट-घंटा की सीमा से नीचे की सभी श्रेणियों के लिए दरें अपरिवर्तित रहेंगी। इससे पहले, 3 अप्रैल को मिस्र ने घरेलू ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर अपनी बढ़ती निर्भरता को कम करने के प्रयासों के तहत, भूमध्य सागर और पश्चिमी रेगिस्तान में चार नए प्राकृतिक गैस कुओं को चालू किया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *